# भूत का साया बताकर बेटी को ससुराल से ले गया था पिता, अधमरी हालत में छोड़ गया

## ससुरालीजनों को झाड़-फूंक के नाम पर तांत्रिक द्वारा बुरी तरह पीटे जाने का संदेह, ससुर ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जनपद के थाना डौकी क्षेत्र के अंतर्गत कौलारा कलां के बरकुला गांव में एक घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। एक महिला को भूत-प्रेत का साया बताकर उसके ही पिता और उसके साथी ससुराल से रात में ले गये। दूसरे दिन सुबह खून से सनी हालत में ससुराल में छोड़ गये। महिला की हालत इतनी गंभीर थी कि उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। माना जा रहा है भूत-प्रेत के इलाज के नाम पर तांत्रिक ने महिला को बुरी तरह पीटा है, जिससे वह अधमरी हो गई।

**ससुर के मना करने पर भी धोखे से बेटी को ले गया था पिता**

बरकुला निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बनवारी लाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 21 जून की रात उनके घर उनके समधी और पुत्रवधु ईश्वर देवी के पिता ओमप्रकाश पहुंचे। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी पर भूत-प्रेत का साया है और उसे झाड़-फूंक के लिए ले जाना है। राजेंद्र सिंह ने यह कहते हुए साफ मना कर दिया कि वे इस तरह की बातों पर विश्वास नहीं करते, इसलिए पुत्रवधु को भेजना संभव नहीं है।

**छिपकर ले गए, अगली रात खून से लथपथ छोड़ा घर**

राजेंद्र सिंह के अनुसार, उनकी मर्जी के बिना ही ओमप्रकाश रात में ही उनकी पुत्रवधु को चुपचाप ले गए। उन्हें इसका आभास भी नहीं हुआ। 22 जून की सुबह घर के बाहर चीख-पुकार मची। वे जब दौड़कर घर के बाहर आए तो देखा कि ईश्वर देवी खून से सनी हुई थी और बेहोश थी। उसके मुंह, पीठ और शरीर के कई हिस्सों पर गहरे नीले चोटों के निशान थे। स्थिति इतनी नाजुक थी कि केवल सांसें चल रही थीं।परिजन तुरंत ईश्वर देवी को रामतेज सुराना अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भर्ती कर लिया। फिलहाल इलाज जारी है।

**ससुर ने की कार्रवाई की मांग**

राजेंद्र सिंह को जब यह पता चला कि उनके ही समधी और पुत्रवधु के पिता ओमप्रकाश व उनके साथी ही उनके मना करने के बाद भी ईश्वर देवी को अपने साथ ले गए थे तो वे थाना डौकी जा पहुंचे। राजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि इन सभी से हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की जाए कि आखिर उस रात उनकी पुत्रवधु के साथ क्या हुआ। उन्होंने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना डौकी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मंदिर के जीर्णोद्धार में घटिया सामग्री का आरोप : फतेहाबाद में 12 सभासदों का धरना, ईओ ने काम रुकवाया



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के फतेहाबाद नगर पंचायत में राजराजेश्वरी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। एक करोड़ नौ लाख रुपये की लागत से चल रहे इस कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने का आरोप लगा है। 12 सभासदों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। सभासद अजय तिवारी ने बताया कि पूर्व में जिलाधिकारी से शिकायत की गई थी। जांच का आश्वासन मिला, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सभासद दीपक पोद्दार के अनुसार अधिशासी अधिकारी डीएस वर्मा को भी मामले से अवगत कराया गया। उन्होंने जूनियर इंजीनियर से जांच कराने की बात कहकर मामले को टाल दिया। सभासदों का आरोप है कि मंदिर निर्माण में निम्न गुणवत्ता की लोहे की सरिया का प्रयोग किया जा रहा है। कार्य का एस्टीमेट भी नहीं दिखाया जा रहा है। धरने में अजय तिवारी, दीपक पोद्दार, तुलसी निहारिया, करतार सिंह, जोगेंद्र सिंह गुर्जर, रूमा देवी, अनीता देवी, नीलम कर्दम, पुष्पा देवी, अंगद सिंह और हीरा देवी शामिल हुए। विरोध को देखते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जीएस वर्मा ने मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को रोक दिया है। उन्होंने बताया कि जूनियर इंजीनियर को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

# फतेहपुर सीकरी का बैमन गांवः 5 साल से सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जनपद फतेहपुर सीकरी लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बैमन गांव का सड़क मार्ग पिछले लगभग 5 वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में है। सड़क में इतने गहरे गड्ढे हो गए हैं कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है, और वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है।

**जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की उदासीनता से ग्रामीण परेशान**

ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद, न तो लोक निर्माण विभाग और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस बदहाल सड़क की सुध ली है। यह स्थिति ग्रामीणों के लिए दैनिक जीवन में भारी परेशानी का कारण बन गई है।

**अखंड भारत परशुराम सेना के साथ आंदोलन की चेतावनी**

जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की उदासीनता से आक्रोशित ग्रामीणों ने अब अखंड भारत परशुराम सेना के साथ मिलकर जन आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने साफ कहा है कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर शासन-प्रशासन ने इस समस्या का कोई हल नहीं निकाला, तो वे सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अवधेश शर्मा, पंडित शिवकुमार रावत, बंटू चाहर, सत्तो चाहर, जनक सिंह चाहर, पप्पू चाहर, बीनू चौधरी, सतीश, शिशुपाल कटरा, पुरुषोत्तम वशिष्ठ, एडवोकेट भूदेव वशिष्ठ सहित कई ग्रामीणों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। यह देखना होगा कि प्रशासन इस चेतावनी पर क्या कदम उठाता है।

# आपकी समझदारी, समाज की जिम्मेदारी - सार्वजनिक स्थलों पर न करें शराब का सेवन

## सोमवार के अभियान में 361 व्यक्तियों को दिलाई शपथ 181 वाहनों के चालान 9 वाहन सीज और

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पुलिस आयुक्त, आगरा श्री दीपक कुमार के निर्देशन में आगरा पुलिस द्वारा कमिश्नरेट आगरा में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब सेवन करने वालों के विरुद्ध चलाया जा रहा है विशेष अभियान अभियान के अंतर्गत दिनाँक 22 जून 2025 को कुल 361 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही एवं 181 वाहनों का चालान व 09 वाहनों को सीज कर, भविष्य में ऐसा न करने की दिलायी गई शपथ। पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा श्री दीपक कुमार के कुशल निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस उपायुक्त नगर, सोनम कुमार पुलिस उपायुक्त पूर्वी,सैयद अली अब्बास पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा को कमिश्नरेट आगरा के समस्त थानों में सार्वजनिक स्थलों पर खुले में शराब पीने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 22 जून को आगरा पुलिस द्वारा कमिश्नरेट आगरा के विभिन्?न थाना क्षेत्रों में कुल 361 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई एवं 181 वाहनों का चालान भी किया गया व 09 वाहनों को सीज किया गया 7 इस विशेष अभियान का उद्देश्य न केवल कार्यवाही करना था, बल्कि लोगों को जागरूक करते हुए सुधार की दिशा में प्रेरित करना भी था, जिसके तहत उक्त सभी व्यक्तियों को भविष्य में ऐसा न करने की शपथ भी दिलाई गई, जिससे समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनके आचरण में सुधार लाया जा सके। आगरा पुलिस का यह प्रयास कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक और ठोस कदम है। आगरा के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील है कि इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें। यदि किसी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करते हुए देखते हैं तो इसकी सूचना 112 डायल कर दे सकते हैं। आपके सहयोग से हम जनपद में सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन को पूर्णत~ रोक सकते हैं। आइए, हम एक साथ मिलकर एक सभ्य और सुरक्षित समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, एक अच्छे और जागरूक नागरिक होने का परिचय दें।

# नगर निगम के कर्मचारियों से फ्रॉडः अधिकारियों के साइन बिना ही पीएफ खाते से निकली रकम, जांच के आदेश



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** नगर निगम के 500 कर्मचारियों की भविष्य निधि अधिकारियों की जानकारी के बिना ही कर्मचारियों के खाते में पहुंच गई। इसकी जानकारी जब अधिकारियों को हुई तो हैरान हो गए। मामला नगर निगम के वित्त एवं लेखाधिकारी बृजेश सिंह के पास पहुंचा। उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। नगर निगम कर्मचारियों के सैलरी और पीएफ एकाउंट नगर निगम परिसर स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया में हैं। नियम के तहत जिन कर्मचारियों को पीएफ धनराशि की जरूरत होती है तो इसके लिए वे नगर निगम में आवेदन करते हैं। निगम के सक्षम अधिकारी इसकी स्वीकृति प्रदान करते हुए ऐसे कर्मचारियों की लिस्ट बैंक को सौंप देते हैं। बैंक लिस्ट के आधार पर स्वीकृत धनराशि को कर्मचारी के पीएफ एकाउंट से निकालकर उनके सैलरी एकाउंट में ट्रांसफर कर देता है। लेकिन, नगर निगम अधिकारियों को पता चला है कि ऐसे बहुत से कर्मचारी हैं, जिनके पीएफ को निकालने की उन्होंने स्वीकृति प्रदान नहीं की, इसके बावजूद उन्होंने पीएफ की धनराशि निकाल ली।

**फर्जी साइन होने की आशंका**

बताया जा रहा है कि किसी शातिर ने निगम के सक्षम अधिकारी के फर्जी साइन करके कर्मचारियों का 7 निकालवा दिया। ऐसे में बैंक के भी किसी कर्मचारी के शामिल होने की आशंका है। शातिरों ने उन अधिकारियों के भी फर्जी साइन कर दिए जो यहां से ट्रांसफर हो चुके हैं। कई फाइल में सिर्फ एक अधिकारी के ही साइन से फर्जी भुगतान हो गया है। जबकि भुगतान के लिए अन्य तीन और अधिकारियों के भी साइन जरूरी होते हैं।

**इनका कहना है।**

अधिकारी के साइन के बिना ही कुछ कर्मचारियों द्वारा पीएफ निकाले जाने का मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच कराई जा रही है। जिसकी भी मिलीभगत होगी, उसके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाएगी।

**वित्त एवं लेखाधिकारी बृजेश सिंह**

# डीजे वाली मैक्स गाड़ी हादसे का शिकारः गाय से टकराने के बाद बिजली के खंभे से टकराकर पलटी, बाल-बाल बचा चालक

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के अंतर्गत, अछनेरा भरतपुर मार्ग रविवार देर शाम बड़ा हादसा घटित हो गया। एक मैक्स गाड़ी गाय से टकरा गई, जिससे अनियन्त्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई और पलट गई। ये देख राहगीरों में हडकंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के अछनेरा भरतपुर मार्ग पर रविवार देर शाम को डीजे लोडेड मैक्स गाड़ी के सामने अचानक गाय आ गई। गाय को बचाने के दौरान गाड़ी संतुलन खो बैठी, और सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई और पलट गई। ये नज़ारा राहगीरों ने देखा तो सब घटना स्थल की तरफ दौड़ गए। पलटी गाड़ी में चालक बुरी तरह फँसा हुआ था, वो उसमें से निकलने के लिए छटपटा रहा था।लेकिन बिजली करंट की वज़ह से किसी भी व्यक्ति की हिम्मत न पड़े गाड़ी के पास जाने की। हिम्मत जुटाकर लोगों ने बिजली विभाग से हादसे की सूचना देते हुए बिजली कटवाई। तब जाकर बमुश्किल चालक को गाड़ी की टीन काटकर बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल अस्पताल भेजा गया। जिसका गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि, घायल चालक का नाम प्रहलाद निवासी चिकसाना है उसको घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है जहा उसका इलाज चल रहा है।और मैक्स गाड़ी को क्रेन की मदद से थाने पर खड़ा कराया गया है। और यातायात सुचारू कयाया गया है।

# मौसम विभाग ने दी चेतावनीः 23 जून से 25 जून को वर्षा होने एवं आंधी तूफ़ान के साथ वज्रपात होने की संभावना

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा एलर्ट जारी किया गया है कि दिनांक 23 जून से 25 जून को वर्षा होने एवं आंधी तूफ़ान के साथ वज्रपात होने की संभावना है। जनसाधारण को बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शुभांगी शुक्ला द्वारा एडवाइजरी जारी किया गया है कि पशु हानि से बचाव हेतु खराब मौसम के दौरान पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधे , पेड़ के नीचे ,टीन शेड के नीचे न बांधे। पशुओं को चरही के लिए न छोड़ें, क्योंकि पशु भी स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों के नीचे छिपते हैं जो सुरक्षित नहीं है। खराब मौसम में कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न निकलें, छिपने के लिए सुरक्षित स्थान के रूप में पक्के मकान का ही प्रयोग करें, पेड़ के नीचे न छिपे, जंगली क्षेत्र में छोटे पेड़ के नीचे छिपे, पैर के नीचे सुखी लकड़ी, पत्ते रखें। बारिश के समय बर्तन, नहाने या कपड़े न धुलें। किसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तु टीवी कुलर या अन्य वस्तु को न छुएं। मोबाइल फोन पर बात न करें, जर्जर मकान से दूर रहें.

**जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आगरा द्वारा जनहित में जारी।**

# डीएम ने डायरिया रोको अभियान, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए की बैठक

## जिले में 01 से 30 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 से 31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान, सामूहिक रूप से अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुए जनसामान्य को करें जागरूक-संजीव रंजन, डीएम



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में डायरिया रोको अभियान, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आहुत की गई। बैठक का संचालन करते हुए सीएमओ डा0 नीरज त्यागी ने बताया कि जिले में डायरिया रोको अभियान के तहत 15 जुलाई तक 0-05 वर्ष के बच्चों को लक्षित किया जाना है। अलीगढ़ को यलो कैटेगरी में रखा गया है। अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस एवं जिंक सल्फेट की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए अभिभावकों को अन्तर्विभागीय समन्वय से जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन की समीक्षा में जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 राहुल शर्मा ने बताया कि दिसम्बर 2025 तक जिले को टीबी मुक्त बनाया जाना है। 100 दिवसीय टीबी रोगी खोजो अभियान को दिसंबर 2025 तक बढ़ाया गया है। उन्होंने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक इकाईयों एवं विद्यालयों में टीबी स्क्रीनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। जिले के टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं टीबी को हरा चुके टीबी चैंपियनों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 10615 टीबी रोगियों के सापेक्ष सीएसआर फण्ड से विभिन्न इकाईयों के माध्यम से 3500 पोषण पोटली की उपलब्धता है। साथ ही उन्होंने पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की भी आवश्यकता बताई। जिला मलेरिया अधिकाकारी डा0 विनीता मिश्रा ने बताया कि जिले में द्वितीय चरण में 01 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान संचालित किया जाना है। उन्होंने बताया कि विगत अप्रैल में संचालित अभियान में जिला 69 वें स्थान पर रहा था, जिसमें पंचायतीराज व नगरीय निकायों द्वारा अपेक्षानुरूप कार्य न करने पर जिले की रैंक प्रभावित हुई थी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी अभियानों की सफलता के लिए जनमानस में अधिक से अधिक जागरूकता लाते हुए विभागीय दायित्वों के साथ ही व्यक्तिगत रूचि लेकर धरातल पर कार्य करना सुनिश्चित करें। सामूहिक रूप से प्रयास कर अन्तर्विभागीय समन्वय से कार्य करते हुए जनसामान्य को लाभान्वित किया जाए। अभियान के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में कहीं भी संवादहीनता की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 मुकेश कुमार को निर्देशित किया कि एक माह के अभियान में नगर निगम क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि क्लस्टर में फॉगिंग मशीन खरीदी जाएं। ग्राम पंचायतों में किसी भी स्थान पर जलभराव न हो इसके लिए सेक्रेटरी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। उन्होंने सीएमओ एवं संबंधित अधिकारियों को तहसील व ब्लॉक स्तर पर भी विभागीय समन्वय बैठक आहुत कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए।

**निःक्षय मित्रों को किया गया सम्मानित :**

जिलाधिकारी द्वारा क्षय रोग उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले निःक्षय मित्र वंडर सीमेंट, जेके सीमेंट, जेके लक्ष्मी सीमेंट, जायडस हैल्थ एण्ड वैलनेस, पावना इंडस्ट्रीज, सांई श्री एजुकेशन सोसाइटी, अलदुआ फूड प्रोसेसिंग, अलहमद एग्रो फूड प्रोडक्ट, वेब डिस्टलरी, लिंक लॉक्स, अल अम्मार प्रा0लि0 के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ ही सभी सीएमएस, एमओआईसी एवं चिकित्सकगण उपस्थित रहे।

# जिला कलक्टर ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा

## प्रदेश का विकास राजस्व वसूली पर निर्भर, अधिकारी करें अधिकाधिक राजस्व वसूली

## आईजीआरएस संदर्भों में शिकायतकर्ता से नेगेटिव फीडबैक न आए सुनिश्चित किया जाए



**अलीगढ़।** जिला कलक्टर संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को राजस्व वसूली के साथ-साथ प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास राजस्व वसूली पर ही निर्भर करता है, ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि अधिकाधिक राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग द्वारा माह के लक्ष्य 19799.89 लाख के सापेक्ष 11484.23 लाख की वसूली की गई। डीएम ने प्रवर्तन कार्य को प्रभावी ढ़ंग से लागू करने के निर्देश दिए। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेश विभाग द्वारा 6278 लाख के सापेक्ष 6215 लाख की वसूली की गई। जिलाधिकारी ने बड़े बैनामों की नियमित जांच गहनतापूर्वक करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष मासिक वसूली 94.38 प्रतिशत रही वहीं परिवहन विभाग द्वारा माह की उपलब्धि 2300.51 लाख के सापेक्ष 1622.09 रही। विद्युत देय में मासिक वसूली 18132 लाख के सापेक्ष 12115 लाख रही। खनन विभाग द्वारा विगत वर्ष अप्रैल माह में 158 लाख की वसूली गई जबकि अप्रैल 2025 में 90.45 लाख की वसूली होने पर जिलाधिकारी पर जिला खनन अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग से उपस्थित आए अधिकारी डीएम के सवालों का जवाब न दे सके जिस पर संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में वन, बाटमाप, मनोरंजन विभाग की भी समीक्षा की गई। डीएम ने राजस्व वसूली करने वाले सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रैकिंग पर विशेष ध्यान देते हुए आवंटित लक्ष्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आईजीआरएस में असंतुष्ट प्रकरणों की समीक्षा पर संबंधित के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में शिकायतकर्ता से नेगेटिव फीडबैक न आए सुनिश्चित किया जाए।

# सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर हुआ प्रशासन, ब्लैक स्पॉट्स के निस्तारण व अवैध परिवहन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार एवं अवैध डग्गेमार वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई के लिए विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सूत मिल चौराहे पर अक्सर लगने वाले जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए एआरएम रोडवेज को निर्देशित किया कि वहां तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी प्रभावी ढंग से लागू की जाए, जिससे सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

**अवैध डग्गेमार वाहनों पर सख्ती :**

एआरटीओ द्वारा अवगत कराया गया कि सारसौल चौराहे के आसपास अलीगढ़-नोएडा मार्ग पर संयुक्त चैकिंग अभियान चलाकर आठ अवैध डग्गेमार वाहनों को सीज कराया गया है, परंतु समस्या अभी भी बनी हुई है। जिलाधिकारी ने आरएम रोडवेज को प्रवर्तन कार्य और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

**ब्लैक स्पॉट्स का होगा पूर्ण निस्तारण**

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यों की स्थिति पर भी समीक्षा की गई। अतरौली रोड स्थित बियर फैक्ट्री के पास ब्लैक स्पॉट को समाप्त करने के लिए पुल के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का अनुबंध कार्य पूर्ण हो चुका है। गनेशपुर तिराहा का कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। औरनी-दलपतपुर पर ब्लैक स्पॉट के सुधार के लिए प्रस्ताव निर्माणाधीन है। सिहोर बम्बा का कार्य प्रगति पर है, जिसे जून मासांत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। पला सल्लू ब्लैक स्पॉट पर क्रैश बैरियर लगाए जा चुके हैं। अलीपुर में सर्विस रोड निर्माण का प्रस्ताव अनुमोदित हो चुका है, शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। गोपी ब्लैक स्पॉट पर पेट्रोलिंग वाहनों से सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने एवं कैटल कैचर की व्यवस्था हेतु निर्देश दिए गए।

**मैरिज होम्स पर सख्ती, पार्किंग की होगी अनिवार्यता :**

शहर के अधिकांश मैरिज होम्स, बैंक्वेट हॉल्स व रेस्टोरेंट्स में पार्किंग व्यवस्था न होने को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण की निष्क्रियता पर नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना पार्किंग के संचालित संस्थानों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**दुपहिया वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कदम**

दुपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा के दृष्टिगत आईएसआई मार्क हेलमेट की बिक्री सुनिश्चित करने एवं हेलमेट पहनने के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

**दुर्घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि, जागरूकता पर ज़ोर**

समीक्षा के दौरान बताया गया कि अप्रैल माह में 102 सड़क दुर्घटनाओं में 49 लोगों की मृत्यु हुई, जो चिंताजनक है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन-जागरूकता अभियान को और अधिक तेज किया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपेक्षा जताई।

# सदस्य उ0प्र0 राज्य महिला आयोग 25 को करेंगी महिला जनसुनवाई

**अलीगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती मीना कुमारी द्वारा 25 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मा0 सदस्य द्वारा महिला जनसुनवाई के उपरांत स्वास्थ्य केंद्र, बालिका एवं महिला गृहों व आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाएगा। महिला जनसुनवाई के दौरान पुलिस, जिला कारागार, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ ही महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में स्वयं उपस्थित होने का कष्ट करें।

# एल्कोहॉलिक बेवरेज प्रतिष्ठानों के लिए खाद्य लाइसेंस अनिवार्य-जिलाधिकारी

**अलीगढ़।** जिले में संचालित समस्त एल्कोहॉलिक बेवरेज प्रतिष्ठानों के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लाइसेंस या पंजीकरण कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शासन एवं खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी एवं सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि एल्कोहॉलिक बेवरेज से संबंधित निर्माता, रिपैकर, वितरक, ट्रांसपोर्टर, थोक विक्रेता तथा फुटकर विक्रेता सभी को स्नस्स्ढ्ढ पोर्टल ( foscos.fssai.gov.in) के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण प्राप्त करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि यह कदम उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। डीएम ने यह भी निर्देशित किया है कि भविष्य में केवल उन्हीं प्रतिष्ठानों को एल्कोहॉलिक बेवरेज का स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा, जिनके पास वैध खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण होगा। श्री रंजन ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे अपने विभाग से संबद्ध सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को इस आशय की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं और यह सुनिश्चित करें कि ससमय नवीनीकरण भी नियमित रूप से किया जाए। यह पहल खाद्य सुरक्षा मानकों को प्रभावी रूप से लागू करने और जनहित में गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अपनी निजी भूमि में तालाब खुदवाने पर किसानों को मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

### कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषक, कृषि विभाग की बेबसाइट पर खेत तालाब बुकिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर उठाएँ योजना का लाभ



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** भूमि संरक्षण अधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक भाईयों को सूचित करते हुए अवगत कराया है कि कृषि निदेशालय, उ0प्र0 (भूमि संरक्षण अनुभाग), कृषि भवन, लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक पर ड्रॉप मोर क्रॉप के उपघटक अदर इन्टरवेशन अन्तर्गत वर्षा जल संचयन हेतु खेत तालाब योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में इच्छुक सामान्य /अनुसूचित जाति के कृषक अपनी निजी भूमि में तालाब खुदवाने पर, उन्हें विभाग द्वारा 50 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य किया गया है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि तालाब का आकार 22 मी0 म 20 मी0 म 3मी0 का होगा, इसमें कृषक मछली पालन एवं फसलों की सिंचाई करने हेतु पानी एकत्र कर सकते हैं। तालाब की कुल लागत रू0 105000.00 रु0 है, जिसका 50 प्रतिशत अनुदान रू0 52500.00 का भुगतान डी0वी0टी0 के माध्यम से सीधे कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा। तालाब खुदवाने का कार्य स्वयं कृषक द्वारा ट्रैक्टर / जे0सी0वी0 से किया जायेगा। अनुदान की धनराशि का भुगतान दो किस्तों में किया जायेगा। प्रथम किस्त रू0 39375 00 का भुगतान निर्धारित आकार के तालाब की खुदाई (मृदा कार्य) कार्य पूर्ण होने पर डी0बी0टी0 के माध्यम से लाभार्थी के खाते में भेज दी जायेगी। शेष धनराशि का भुगतान तालाब में पक्का इनलैट बनाने के उपरान्त डी0बी0टी0 के माध्यम से ही भेजी जायेगी। उन्होंने कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषक भाईयों से आग्रह किया है कि वह कृषि विभाग की बेबसाइट agridarshan.up.gov.in के ओप्सन ÷खेत तालाब बुकिंग पर पर क्लिक कर जनसेवा केन्द्रों या स्वयं अपने मोबाइल से खेत तालाब बुकिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं0 7015899718 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# करेंट लगने से मजदूर की मौत: मचा कोहराम, मुआवजे की मांग



**आगरा।** आगरा शमसाबाद मार्ग स्थित थाना ताजगंज के ग्राम श्यामों निवासी 20 वर्षीय रामनिवास पुत्र होतीलाल टेल पत्थर लगाने का कार्य करता था। आज शाम 4 बजे के करीब ग्राम श्यामों के टंकी मोहल्ले में मकान स्वामी के मकान में टैल पत्थर लगाने का कार्य कर रहा था कि अचानक पत्थर मशीन में करेंट उतरने से मौके पर ही युवक की मौत हो गई। थाना ताजगंज पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया है। पिता होतीलाल बीमार रहते है, मां का पिछले 3 वर्ष पहले देहांत हो चुका है 3 बहिन 2 भाई थे इन सबमें बड़ा था ।एक बहिन की शादी पिछले वर्ष खुद पैसा कमाकर सम्मेलन से की थी। अब दो बहिन तथा एक छोटा भाई है जिनका रो रो कर बुरा हाल है। 52 वर्षीय पिता होती लाल बीमार तथा बेरोजगार हैं। राष्ट्रीय दिव्यांग संघ के अध्यक्ष समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने सरकार से मुआवजा दिलाए जानेकी मांग की है।

# नाबालिग के अगवा करने में कार्रवाई न होने पर फूटा आक्रोश : पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

### एसीपी इमरान अहमद की भूमिका की जांच की मांग, जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने उठाई आवाज




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के थाना खेरागढ़ क्षेत्र के नगला सबदल गांव से करीब चार माह पूर्व लापता हुई नाबालिग बालिका की बरामदगी अब तक न होने पर परिजनों और सामाजिक संगठनों का आक्रोश सामने आया है। इस संबंध में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन नामक हिंदूवादी संगठन ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 28 फरवरी 2025 को नगला सबदल निवासी एक नाबालिग बालिका को पास के गांव सरेंदी निवासी युवक अमन उस्मानी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिजनों के अनुसार उन्होंने बच्ची की तलाश के लिए थाना खेरागढ़, एसीपी कार्यालय, महिला आयोग से लेकर पुलिस कमिश्नर तक गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिवार ने आरोप लगाया कि मामले में तैनात एसीपी इमरान अहमद की भूमिका शुरू से ही संदेहास्पद रही। उनका कहना है कि पहले तो तहरीर लेने में पुलिस ने आनाकानी की, और बाद में जो तहरीर दर्ज की गई, उसमें से महत्वपूर्ण नाम हटा दिए गए। पूछताछ की प्रक्रिया को भी केवल औपचारिकता तक सीमित रखा गया। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि नाबालिग की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए और एसीपी इमरान अहमद की भूमिका की स्वतंत्र जांच करवाई जाए। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष सुदामा सिंह छौंकर, उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा, भूरा सोलंकी, सत्यवीर सोलंकी, सुरेश बाबू जी, अजय हिंदुस्तानी, अनिल कुमार एसएम, लल्लू प्रधान, उदयवीर सिंह, लवकुश ठाकुर, सन्नी, कालू भगत जी सहित पीड़ित परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# फर्जी प्लाट रजिस्ट्री कर लाखों की ठगी : पीड़िता को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

### आरोपित पर दर्ज है मुकदमा, फिर भी खुलेआम घूम रहा






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना सिकंदरा क्षेत्र में फर्जी प्लाट रजिस्ट्री के नाम पर ठगी और जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़िता पुष्पा पत्नी सेठी, निवासी बाई का बाजार, सिकंदरा ने बताया कि आरोपी दीवान सिंह, पीतम शर्मा व नजाकत निवासी लोहकरेरा गिरोह बनाकर लोगों से ठगी करते हैं और पुलिस के संरक्षण में खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि उसने 7 अक्टूबर 2022 को रजिस्ट्री के नाम पर 2.50 लाख रुपये आरोपितों को दिए। बाद में पता चला कि उसी प्लाट की 16 फरवरी 2022 को किसी और महिला के नाम पहले ही फर्जी रजिस्ट्री करा दी गई थी।

जब उसने इस धोखाधड़ी का विरोध किया और अपने रुपये व कागजात मांगे, तो आरोपी दीवान सिंह पीतम व नजाकत उसे जातिसूचक शब्द बोलते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे एवं महिला क़ो दबंगई के बल पर तालमटोल करते रहे। पीड़िता ने बताया कि उसने इस संबंध में कई बार थाना सिकंदरा में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। बल्कि उल्टा उसे ही टरकाया गया। जब मामला अपर पुलिस आयुक्त तक पहुंचा तो मुकदमा दर्ज तो किया गया, लेकिन आरोपित आज भी खुलेआम घूम रहे हैं और लोगों को ठग रहे हैं।

**पुराना रिकॉर्ड, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं**

पीड़िता का कहना है कि आरोपित पीतम शर्मा व उसका गिरोह पहले भी कई लोगों को प्लाट व जमीन के नाम पर ठग चुका है। कई मामलों में इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं, इसके बावजूद सिकंदरा पुलिस इन्हें संरक्षण दे रही है।

**पीड़िता बोली — कभी भी हो सकती है अनहोनी**

पीड़िता पुष्पा ने कहा कि आरोपी लगातार उसे व उसके पति को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। घर से बाहर निकलने में डर बना हुआ है। यदि समय रहते पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की, तो किसी दिन बड़ी अनहोनी हो सकती है।

**प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार**

पीड़िता ने जिला प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों से मांग की है कि आरोपितों की गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# भाजपा ने किया एक देश, एक विधान, एक प्रधान और एक निशान विषय पर गोष्ठी का आयोजन

### डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करने का किया आह्वान, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का एक भारत, अखंड भारत और सुरक्षित भारत का सपना, 6 दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 समाप्त कर पूरा कर दी सच्ची श्रद्धांजलि




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई के तत्वावधान में महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में खंदारी स्थिति जे पी सभागार में जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के अडिग संकल्प एक देश में एक विधान, एक प्रधान और एक निशान राष्ट्र की सबसे बड़ी जरूरत पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य वक्ता प्रदीप चौहान, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व सांसद प्रभुदयाल कठेरिया, पूर्व महापौर इंद्रजीत आर्य, शिवशंकर शर्मा, मनीष गौतम, नवल तिवारी, मनोज राजोरा आदि ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर एवं दुपट्टा पहनाकर अभिवादन किया गया। भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि श्यामा प्रसाद के 72 वे बलिदान दिवस पर आज हम सभी देश की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले भारत माता के वीर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को संगोष्ठी में एक दूसरे को बताने आए है।1927 में बैरिस्टर बने ,33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्विद्यालय में कुलपति नियुक्त हुए।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक गुरु गोलवलकर जी से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 31 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की।डॉक्टर मुखर्जी कश्मीर विलय और भारत की अखंडता के दृढ़ समर्थक थे।उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बालकनीकरण की संज्ञा दी थी। प्रदीप चौहान ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंने धारा 370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 को उन्होंने जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया कि ÷या तो मैं आपको आपका संविधान वापिस कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा÷।अपने संकल्प को पूरा करने के लिए डॉक्टर मुखर्जी 1953 में बिना परमिट कश्मीर के लिए निकल गए थे और पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थिति में उनकी मृत्यु हो गई। जेल में हुई उनकी मृत्य ने पूरे देश को शोकमय और दुखी कर हिलाकर रख दिया था। उनका कश्मीर के लिए दिया नारा नहीं चलेगा एक देश में दो विधान,दो प्रधान,दी निशान 6 दशकों के इंतजार के बाद पूरा हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदीप चौहान, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, प्रभु दयाल कठेरिया, इंद्रजीत आर्य, शिवशंकर शर्मा, वीरेंद्र अग्रवाल, नवल तिवारी, मनीष गौतम, विजय भदौरिया, मनोज राजोरा, नीरज गुप्ता, रोहित कत्याल, अभिषेक गुप्ता, महेश शर्मा, राहुल सागर, मनमोहन कुशवाह, नवीन गौतम, वीरेंद्र श्रीवास्तव, विपुल मित्तल, शैलू पंडित, हिमांशु ठाकुर, नरेंद्र सिकरवार, राहुल जैन, मनीष अवस्थी, राजेश प्रजापति, देवेश पचोरी, आदेश सिंघल, गजेंद्र वर्मा, सर्वेश बघेल, कौशल चौहान, मनीष अग्रवाल, गोपाल शर्मा, रश्मि धाकड़, उपमा गुप्ता, निशि शर्मा, सिंधु गुप्ता, सीमा सिंघल, रेखा गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता, माधुरी माहौर, अंजू शर्मा आदि उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर होकर डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करने का आव्हान किया।

# जनपद में होगी पहली बार मक्का खरीद : जिलाधिकारी के विशेष प्रयासों से जनपद में पहली बार खुले हैं 03 मक्का क्रय केंद्र

**तहसील बाह तथा किरावली में क्रय केन्द्र किए गए हैं, स्थापित, जनपद के तहसील बाह में 02 क्रय केन्द्र पिनाहट व जरार तथा किरावली तहसील में अछनेरा मण्डी परिसर में क्रय केन्द्र किया गया स्थापित, क्रय केन्द्र प्रातः 09 बजे से सायं 06 बजे तक रहेंगे संचालित, मक्का क्रय की अन्तिम तिथि 31 जुलाई तक, जिला खाद्य विपणन अधिकारी के कार्यालय में कन्ट्रोल रूम किया गया स्थापित, किसान भाई अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु दूरभाष नं0 0562-4092375 पर करें संपर्क**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्री नन्द किशोर ने अवगत कराया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 (रबी फसल) सरकार क्रय नीति के अन्तर्गत मक्का क्रय हेतु जनपद आगरा में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 03 मक्का क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं। जनपद के तहसील बाह में कमशः दो क्रय केन्द्र पिनाहट, व जरार तथा किरावली तहसील में अछनेरा मण्डी परिसर में क्रय केन्द्र स्थापित किये जा रहे है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि उपरोक्त क्रय वर्ष हेतु सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2225.00 प्रति कुन्टल निर्धारित किया गया है। उन्होंने जनपद के समस्त किसान बन्धुओं को अवगत कराया है कि खाद्य विभाग पोर्टल https://fcs.up.gov.in/ पर व यू0पी0 किसान मित्र एप के माध्यम से अपना पंजीयन कराकर अपना मक्का सरकारी मक्का क्रय केन्द्रों पर विक्रय कर सकते है। मक्का क्रय भारत सरकार के मानक पर किये जायेगें। क्रय केन्द्र प्रातः 09 बजे से सायं 06 बजे तक क्रियाशील रहेंगे तथा रविवार एवं राजपत्रित अवकाश पर क्रय केन्द्र बन्द रहेंगे। मक्का क्रय की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक रहेगी, किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला खाद्य विपणन अधिकारी आगरा के कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नं0 0562-4092375 है। उन्होंने आगे यह भी बताया है कि जिलाधिकारी महोदय के विशेष प्रयास से जनपद में मक्का की खरीद प्रथमबार की जा रही है।




# किरावली पुलिस की त्वरित कार्रवाई में छह पेटी अवैध बीयर सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली पुलिस को रविवार सुबह करीब 8ः30 बजे अवैध बीयर टिन की बेचने की मुखबिर द्वारा दी गई गुप्त सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक अभियुक्त सहित 6 पेटी अवैध बीयर की जब्ती की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना दी गई थी कि रुनकता मोड़, किरावली में लकड़ी की टाल पर लकड़ियों के ढ़ेर में छिपाकर एक व्यक्ति अवैध शराब बेच रहा है।सूचना मिलते ही मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचे तो तीन पहिए की ठेल पर बैठा हुआ एक व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह सकपका गया। पुलिस को देखकर जैसे ही वह भागने की कोशिश करने लगा, तो पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। जब उससे नाम पूछा गया तो उसने अपना नाम जीतू पुत्र राजवीर सिंह, निवासी अभुआपुरा, मौहल्ला मुदगल थोक, थाना किरावली बताया। उसकी तलाशी ली गई तो पहने हुए कपड़ों के अलावा किसी प्रकार की वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने जीतू से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि ठेल के बराबर में बीयर की पेटियां रखी हैं। जिन्हें बेचने के लिए लाया था। अभी ग्राहक आने वाले थे कि पुलिस ने पकड़ लिया।पुलिस ने बताया कि पेटियों को चेक किया गया तो एक पेटी में 24 बीयर की केन पाई गई। कूल 144 बीयर को केनें मिलीं, जिन पर, फॉर सेल इन पंजाब ऑनली, लिखा हुआ था।पुलिस ने अभियुक्त जीतू क खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।वहीं इंस्पेक्टर किरावली केवल सिंह ने कहा कि, खुले में या अवैध रूप से शराब पीने या बेचने वालों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। ऐसा कोई भी व्यक्ति इसमें लिप्त पाया जाता है तो, कठोर कार्यवाही निश्चित है। ये अभियान निरंतर जारी रहेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमित कुमार, हिमांशु कटियार, अजित कुमार, भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।

# 9 साल की बच्ची से हैवानियतः बोली- सौतेली मां मुझसे धंधा कराती है, पुलिस ने आरोपी महिला को किया गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मासूम बच्ची से उनकी सौतेली मां जबरन देह व्यापार करवा रही थी। बच्ची के मना करने पर उसे यातनाएं दी जाती थी। बच्ची किसी तरह अपनी सौतेली मां को घर में बंद कर बाहर निकल आई। उसने एक राहगीर को अपनी आपबीती बताई। व्यक्ति बच्ची को पुलिस के पास लेकर पहुंचा। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। महिला को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, बच्ची का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वो अपने साथ हुई हैवानियत के बारे में बता रही है।

**दो साल पहले बच्ची को गोद लिया था**

मामला थाना सदर क्षेत्र का है। एसीपी सदर हेमंत कुमार ने बताया कि सदर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दो साल पहले बच्ची को गोद लिया था। बच्ची को घर में बंधक बनाकर रखती थी। बच्ची का आरोप है कि उसके साथ मारपीट की जाती थी। उस पर गलत काम करने के लिए दवाब बनाया जाता था। उसकी सौतेली मां ने उसे देह व्यापार में धकेल दिया था। उसे यातनाएं दी जाती थीं।

**बच्ची ने पुलिस को बताई आपबीती**

बच्ची किसी तरह उनके चंगुल से निकलकर आई। उसने अजय नाम के एक व्यक्ति को पूरी कहानी बताई। वो उसे सीओडी पुलिस चौकी लेकर पहुंचा। पुलिस ने बच्ची की कहानी सुनी तो वो भी हैरान रह गए। इसके बाद बच्ची का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एसीपी सदर हेमंत कुमार ने बताया कि बच्ची की सौतेली मां और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा गया है। प्रकरण की जांच की जा रही है।



**दो साल पहले महिला 60 हजार रुपए में खरीदा था**

बच्ची को दो साल पहले महिला ने शालू और कुनाल नाम के लोगों से साठ हजार रुपए में खरीदा था। बचाव के लिए स्टांप पेपर पर गोद लेने की लिखापढ़ी की थी। शालू और कुनाल लोग बच्ची को जयपुर से लेकर आए थे। बच्ची को अपने असली माता पिता के बारे में कुछ याद नहीं है! आरोपियों में महिला के बड़े बेटे ने बच्ची के साथ रेप भी किया। छोटा बेटा उस सिगरेट से दागता था। पुलिस इन सभी को आरोपी बना रही है। सबकी गिरफ्तारी के लिए टीम दबिश दे रही है।

# राजपूत महासभा ने की अवंतीबाई लोधी के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित कराने की मांग

### क्षत्रिय लोधी राजपूत युवा महासभा ने प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी को सौंपा ज्ञापन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा ।** अमृत काल विकसित भारत के दौर में राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं महिलाओं की सुरक्षा स्वाधीनता संग्राम 1857 की महान वीरांगना क्रांतिकारी क्षत्राणी महारानी अवंती बाई लोधी जी के जन्मोत्सव से माह पूर्व क्षत्रिय लोधी राजपूत युवा महासभा बीजेकेडी सामाजिक संगठन के तत्वाधान में उप जिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी को प्रमुख मांगों को लेकर क्षत्रिय लोधी राजपूत युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. बी.आर राजाराम लोधी व समाज के संरक्षक एड.अनेक सिंह लोधी वर्मा कि उपस्थिति में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ व प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा समाजसेवी मिथुन राजपूत ने कहा फतेहपुर सीकरी विधानसभा लोकसभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा का अभाव है क्षेत्र के जन-जन की आवाज और मांग है कि बेटियों कि उच्च शिक्षा के लिए वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी डिग्री कॉलेज व युवाओं के लिए अमर शहीद ठाकुर गुलाब सिंह लोधी मिनी स्टेडियम की स्थापना कराई जाए, जिससे बेटियों और युवाओं का भविष्य उज्जवल हो सके।

किसी कारण उपरोक्त राष्ट हितैषी एवं राष्ट्रीय स्वाभिमान की प्रतिमूर्ति अमर शहीदों के सम्मान कि मांगे समय से पूर्व पूरी नहीं करती है तो समस्त क्षत्रिय लोधी राजपूत समाज एवं सर्व समाज सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन एवं संघर्ष करेंगे इस दौरान अर्जुन सिंह लोधी अध्यक्ष विधानसभा फ.सी, लोधी मनोज राजपूत, लोधी, मनीष राजपूत, सौरभ राजपूत, रामवीर लोधी, लोधी प्रवीण राजपूत नेताजी अन्य लोग मौजूद रहे

**प्रमुख मांगे**

* क्षत्राणी महारानी अवंतीबाई लोधी के जन्मोत्सव से एक माह पूर्व भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम संचालित किए जाएं

* अछनेरा क्षेत्र के गाँव बस्तई में राजकीय हाई स्कूल कन्या विद्यालय को राज्य सरकार द्वारा इंटरमीडिएट कर महारानी अवंती बाई लोधी कन्या इंटर कॉलेज व विशाल मूर्ति का अनावरण कराया जाए



* आगरा में स्थित जिला महिला चिकित्सालय का नाम बदलकर मूलभूत और भौतिक सुविधाओं के साथ महारानी अवंती बाई लोधी महिला चिकित्सालय व मूर्ति स्थापित कराई जाय।

# व्यापारी से 18 हजार की ठगीः दुकान पर खुले पैसों के बहाने बातों में उलझाया, फिर दराज से निकाले रुपए

### पूरा मामला फतेहपुर सीकरी में कस्बे का है। दुकानदार को बातों में उलझाकर गल्ले से 18 हजार नकद ले उड़े दो शातिर

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी कस्बे में स्टेट बैंक के सामने स्थित कोल्ड ड्रिंक दुकान पर शुक्रवार दोपहर हुए शातिराना अंदाज में ठगी को अंजाम दिया गया। बाइक सवार दो युवकों ने बुजुर्ग दुकानदार को खुले पैसे और कोल्ड ड्रिंक के बहाने बातों में उलझाया और दुकान के गल्ले से 18,000 नकद निकालकर फरार हो गए।

**सीसीटीवी में कैद हुआ पूरा घटनाक्रम**

घटना मोहल्ला शाहकुली स्थित अनिल कुमार बंसल की दुकान तीर्थ कोल्ड ड्रिंक पर हुई। दोपहर के समय पहुंचे बाइक सवार युवकों में से एक ने कोल्ड ड्रिंक मांगी, जबकि दूसरे ने 500 रुपये खुलवाने का झांसा दिया। दोनों ने मिलकर बुजुर्ग दुकानदार को बातचीत में फंसाया और दुकान की दराज से 18 हजार रुपये निकाल लिए।

**शोर मचाने तक हो चुके थे फरार**

जैसे ही दुकानदार को ठगी का अहसास हुआ, उसने शोर मचाया, लेकिन तब तक दोनों बदमाश फरार हो चुके थे। आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकान में लगे सीसीटीवी




कैमरे की फुटेज खंगाली। फुटेज में दोनों युवकों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी पहचान कर ली गई है और जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। पीड़ित अनिल बंसल को पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर रकम बरामद की जाएगी। दिन में हुई इस घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में डर का माहौल है।

# पेन्टिंग विद् आयल कलर्स विशिष्ट कला शिविर का समापन

## कलायें हमारे जीवन को सुन्दर और रसमय बनाती हैं : विधायक




**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित 25 मई से 22 जून 2025 तक विशिष्ट कला शिविर पेन्टिग विद् आयल कलर्स का समापन विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में एवं नेमवि प्रबन्धक प्रदीप चौबे की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि डा.राजकुमार जैन की उपस्थिति में माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन से प्रारम्भ हुआ। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने शिविर में किये गये कार्यो के सम्बन्ध में बताते हुये कहा कि तैल चित्र बनाने की परम्परा सातवीं शताब्दी से शुरू हुई। आधुनिक भारत में तैल चित्र बनाने में राजा रवि वर्मा को जाता है, उन्हें भारतीय कला में तैल चित्रकला के जनक के रूप में जाना जाता है। एक माह के शिविर में तैल रंगों की पहचान, तैल चित्र बनाने के लिए प्रयोग की जाने वाली सामग्री, कैनवास या आधार तैयार करना, उस पर पैन्टिंग करने के कौशल की जानकारी दी गयी। साथ ही तैल चित्र बनाने की बारीकियों, विधाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। शिविर में तीन चित्र बनाये गये, जिसमें प्रथम चरण के प्रारम्भ में गभ्भीर विषय, जिसमें मैथिली का शुक-प्रेम और दूसरे चरण में प्रकृति चित्रण तथा तीसरे चरण में अगवानी बुन्देली लोक चित्रण चित्र बनाने का अभ्यास कराया गया, जिसका प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष कलासाधकों ने किया। कलासाधको द्वारा बनाई गयी कलाकृतियों को देखकर उपस्थित अतिथि मंत्रमुग्ध हो गये। मुख्य अतिथि विधायक ने कलासाधकों को कहा कि तैल चित्र बनाने का कौशल जिस तरह से आपने एक माह में किया है, यह तूलिका शिविर के बाद रूकनी नहीं चाहिए, अच्छे चित्रकार बनने के लिए निरन्तर अभ्यास की आवश्यकता होता है। कलायें हमारे जीवन को सुन्दर, सुखमय और रसमय बनाती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नेमवि प्रबंधक ने कहा कि शिविर में कला साधकों द्वारा बनाये गये चित्र अद्भुत एवं मन मोहने वाले है, इसका श्रेय उनके गुरू को जाता है कि इतने कम समय में कलासाधकों ने इतनी दक्षता प्राप्त कर ली, इसके लिए बिरथरे जी साधुवाद के पात्र है। राजकुमार जैन ने कहा कि तैल रंग से बनाये हुये चित्र वास्तव में काफी आकर्षक और सुन्दर होते है। अवकाश के दिनों में इन बच्चों ने कलासाधना कर अपने समय का सदुपयोग किया है। यह कला साधना जीवन में अवसाद और परेशानियों से मुक्त कर रचनात्मकता की ओर ले जाती है। मेरी यह भी इच्छा है बिरथरे की कलाकृतियों की प्रदर्शनी जनपद प्रदर्शित होनी चाहिए। शिविर में यहां आकर मुझे गुरूकुल जैसा वातावरण देखने को मिला। संयोजक इन्टैक चैप्टर सन्तोष शर्मा ने कहा कि चित्रकला इतिहास, संस्कृति एवं व्यक्तिगत अनुभवों को अभिव्यक्त करती है और रचनात्मकता को बढ़ावा देती है।

कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकीविद् विनोद त्रिपाठी, शान्ति मालवीय, ब्रजबाला सेईया, योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी, कृष्णकांत सोनी, अखिलेश शांडित्य, अरमान कुरैशी, डा.खेमचन्द्र वर्मा, अनुराधा मोदी ने सम्बोधित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह तथा अध्यक्षता को रहे प्रदीप चौबे एवं डा.राजकुमार जैन को शिविर में बनाई कलाकृतियों को भेंट कर सम्मानित किया गया तथा साथ अतिथियों द्वारा कलासाधकों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिविर में प्रतिभाग करने वाले कलासाधकों ने अपने गुरू ओमप्रकाश बिरथरे को श्रीफल, शॉल एवं स्वनिर्मित प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुरेश साहू, मुकेश पटेल, तरूण जामकर, सुनील, गिरीश साहू, वैभव जैन, सुनील गंगेले, उदयवीर सिंह, श्रीमती विनीता मालवीय एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन ब्रजमोहन संज्ञा ने किया।

# जगह-जगह जल भराव, हालात भयावह

### बारिश के शुरूआती रूझान में खुली नगर पालिका की पोल

### सड़कें-नाली न होना जल भराव का मुख्य कारण



**ललितपुर।** बारिश का मौसम शुरू हो गया है और बारिश के रूझान आने भी शुरू हो गये हैं। नगर पालिका परिषद की बड़ी लापरवाही लोगों के सामने आ रही है, जिसमें सड़क और नालियां न होने और जहां नालियां हैं, वहां नियमित व समुचित सफाई न होने के कारण भारी मात्रा में जल भराव होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गयी हैं। आलम यह है कि कई मोहल्लों में तो जल भराव के कारण हालात भयावह हो गये हैं। लोग अपने-अपने घरों के बाहर जमा हुये पानी की फोटो डालकर सफाई और निकासी व्यवस्था के कुप्रबंधन को कोसते नजर आ रहे हैं।

गौरतलब है कि हाल ही के दिनों में मानसून ने करवट ली है और भीषण गर्मी से लोगों को बारिश के कारण निजात तो मिली, लेकिन जगह-जगह गलियों, मोहल्लों और प्रमुख सड़कों पर जल भराव के कारण तालाब व पोखर जैसे हालात बन गये हैं। ऐसे में नगर पालिका परिषद के नालियां सफाई, सड़क निर्माण और विकास कार्यों के दावे धरातल पर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। शहर के कई वार्डों के मोहल्लों में गलियां तालाब में तब्दील हो गयी हैं। वहीं कई मोहल्लों में नालियां जाम होने से जल निकासी नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ला जुगपुरा में नेहरू युवा केन्द्र के आगे मां अहिल्याबाई स्कूल के पीछे स्वीकृत हो चुकी सड़क का टेण्डर न होने के कारण इस वर्ष भी बारिश के मौसम में जल निकासी के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ सकता है, यहां करीब साढ़े सात लाख रुपये की स्वीकृत सड़क का टेण्डर अभी तक नहीं हो सका है, जिस कारण मोहल्ले में पहली ही बारिश में जल भराव की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। वहीं दूसरी ओर मोहल्ला आजादपुरा तुवन मंदिर के पीछे तलैया के पास रहने वाले लोगों का हाल और भी बुरा है, यहां रहने वाले परिवारों ने बताया कि गली में करीब दो फुट तक पानी भर जाता है, जो कि घरों में घुस जाता है, यहां जल निकासी का समुचित प्रबंध नहीं हुआ है।

इसके अलावा वार्ड संख्या 19 आजादपुरा द्वितीय में पूर्व विधायक के आसपास वाली गलियां भी तालाब बनती नजर आयीं। इधर वार्ड संख्या 17 सिविल लाइन में भी कई मोहल्ले ऐसे हैं, जहां जल निकासी की समस्या से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। शहर के लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जब तक बारिश का मौसम अपने पूर्ण रूआब पर आये, उसके पहले जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो, ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े।

# संक्षिप्त समाचार

## कचनौंदा बांध से छोड़ा गया 2732 क्यूसिक पानी

**ललितपुर।** कचनौंदा बांध में पानी की आवक अधिक होने के कारण सिंचाई निर्माण खण्ड प्रथम के सहायक अभियंता तृतीय ने एक पत्र जारी करते हुये बताया कि 22 जून की रात करीब 9 बजे 2732 क्यूसिक पानी छोड़ा जायेगा, जिससे ग्राम टौरिया, पुरा, सेमरा आदि गांव प्रभावित होंगे। उन्होंने थाना पुलिस बानपुर से जिला कंट्रोल रूम को सूचित करते हुये कार्यवाही के लिए कहा है।

## गोंडवाना एक्सप्रेस से यात्री का मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** जबलपुर के थाना चरगवां अंतर्गत ग्राम बघरइ के पोस्ट धरमपुरा निवासी संजय वर्मन पुत्र रज्जू वर्मन ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 10 जून को वह ट्रेन संख्या 22182 गोडवाना एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-2 के बर्थ संख्या 79 पर ग्वालियर से जबलपुर आने के लिए यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 36, 999 रुपये बतायी गयी है को पेंट की जेब में रख लिया और सो गया। बताया कि 11 जून की रात करीब 12.20 पर ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसकी पेंट से मोबाइल फोन गायब था। संजय का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया है। जीआरपी पुलिस ने संजय वर्मन की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विद्युत का नया मीटर लगवाने के लिए भटक रहा उपभोक्ता

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरूनगर वाईपास में रहने वाले देवीलाल पुत्र परमानन्द ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुये नया मीटर लगवाये जाने की मांग उठायी है। शिकायतकर्ता ने डीएम को अवगत कराया कि उसका मीटर विद्युत कर्मचारियों द्वारा जबरन खींच लिया गया था, जबकि वह शुरूआत से ही बिल भुगतान करता आ रहा है। बताया कि नया मीटर लगवाने के लिए उसने विभाग के कई चक्कर भी लगाये, लेकिन विभाग कर्मियों ने मीटर नहीं लगाया। पीड़ित के अनुसार उसने स्थाई लोक अदालत में भी आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर न्यायालय ने विभाग को आदेशित किया। बावजूद इसके भी आज तक नया मीटर नहीं लगाया गया। बताया कि 07 जून को उसने फिर विद्युत कर्मियों से आग्रह करते हुये कहा कि कोर्ट ने भी नये मीटर लगवाये जाने का आदेश पारित किया है, जिस पर विभाग में तैनात एसडीओ मीटर व टी.जी.-2, लाईनमेन ने अवैध रूप से सुविधा शुल्क की मांग की। पीड़ित ने जिलाधिकारी से नया मीटर लगवाये जाने और उक्त लोगों पर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## सेना भर्ती के लिए युवाओं को प्रेरित करेगी कारवां टॉकीज

**ललितपुर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, सेना भर्ती कार्यालय, आगरा ने जिले में मोबाइल कारवां टॉकीज के माध्यम से सेना भर्ती सम्बंधी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे जनपद के युवाओं को सेना भर्ती के प्रति रुचि बढ़े और देश सेवा का अवसर मिल सके। इस सम्बंध में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव में बताया है कि सेना भर्ती के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सैनिक कल्याण कार्यालय आगरा द्वारा जनपद में मोबाइल कारवां टॉकीज (विशेष प्रचार/प्रदर्शन वाहन) के माध्यम से एक आउटरीच कार्यक्रम जुलाई 2025 के पहले सप्ताह में जिले के नामित गांवों में 04 दिनों की अवधि के लिए निष्पादित करने की योजना बनाई जा रही है। जिसके अंतर्गत जिले के युवा उम्मीदवारों के लिए डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया के माध्यम से विज्ञापन के माध्यम से और कॉलेजों, आईटीआई संस्थानों, पॉलिटेक्निक कॉलेजों, स्कूलों, एनसीसी समूह मुख्यालयों और विविध एजेंसियों सहित शैक्षणिक संस्थानों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कारवां टॉकीज के माध्यम से जिले के ग्राम बिरारी, करगन, ककडारी, खांदी, खड़ोवरा, महरौनीखुर्द, बम्हौरीसर, कड़ेसराकलां सहित शैक्षणिक संस्थानों ऋषिराज इण्टर कॉलेज, भगवान आदिनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन, राजकीय आईटीआई तालबेहट, राजकीय पोलीटेक्निक तालबेहट, रघूवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, आदिनाथ कॉलेज महर्रा, राजश्री पुरुषोत्तम दास टण्डन राजकीय महाविद्यालय एवं महेन्द्रसिंह महाविद्यालय तालबेहट में प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष से मारपीट

**ललितपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों पर मारपीट करने, गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पारिवारिक दोस्तों के साथ रविवार अवकाश को मनाने के लिए निकटवर्ती बांध देखने राजघाट गये थे, तभी यह घटना घटित हो गयी। सूचना पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस को दी तहरीर में पिसनारी बाग निवासी नीतेश संज्ञा पुत्र राधेलाल संज्ञा ने बताया कि वह रविवार को शाम करीब 4 बजे अपने पारिवारिक दोस्तों के साथ राजघाट गया हुआ था, जहां उन्होंने वीआईपी रेस्टोरेंट पर खाने का ऑर्डर दिया। इसी बीच ललितपुर निवासी समकेत चौधरी (जैन) गालियां देने लगा। विरोध करने पर समकेत ने अपने साथ मौजूद रूपम व बॉबी के साथ एकराय होकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने देखते ही देखते लाठी-डण्डों व बेल्ट से मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। नीतेश ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ दिनों पहले उन्होंने एक शिकायत की थी, जिसे वापस लेने का दबाव उक्त लोगों द्वारा बनाया जा रहा था।

# बुलैरो की टक्कर से टैक्सी सवार भाई-बहन की मौत

### ग्राम ऐरा के पास तेज रफतार बुलैरो ने आपे टैक्सी को सामने से मारी जोरदार टक्कर

### टैक्सी चालक समेत आधा दर्जन सवारियां घायल, भारी संख्या में पुलिस बल अस्पताल पहुंचा



**ललितपुर।** जाखलौन मार्ग पर स्थित ग्राम ऐरा के निकट अनियंत्रित गति से भाग रही बुलैरो कार ने सवारियों से भरी आपे टैक्सी में सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी सवार आधा दर्जन सवारियां घायल हो गयीं। घटना के बाद राहगीरों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उपचार के दौरान दो बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया, तो वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल लोगों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

बताया जा रहा है कि थाना जाखलौन अंतर्गत रहने वाला गब्बर धानुक पुत्र हरी धानुक अपनी आपे टैक्सी संख्या यू.पी. 94 टी 2468 टाटा इंडिगो में सवारियों को बैठाकर अपराह्न करीब पौने दो बजे जाखलौन से निकला था। करीब एक घण्टे का सफर तय करते हुये सवारियों को उतारते-बैठाते हुये वह ग्राम ऐरा के निकट पहुंचा ही था कि तभी ललितपुर से जाखलौन की ओर जा रही बुलैरो गाड़ी संख्या यू.पी.78 सी.जे. 6304 के चालक ने अनियंत्रित गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये आपे टैक्सी में सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे आप सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टैक्सी केबिन के परखच्चे उड़ गये। घायलों में 8 वर्षीय कु.स्वीटी कुशवाहा उर्फ दीक्षा पुत्री बब्लू कुशवाहा, 30 वर्षीय कविता कुशवाहा पत्नी बब्लू कुशवाहा, 7 वर्षीय दीपेश कुशवाहा उर्फ लालू पुत्र बब्लू कुशवाहा, मध्य प्रदेश के जिला इंदौर अंतर्गत जगदीश नगर निवासी 18 वर्षीय आर्यन कुशवाहा पुत्र दिनेश कुशवाहा, थाना जाखलौन के ग्राम जीरोंन निवासी 60 वर्षीय संतोष पुरोहित पुत्र स्व.महादेव प्रसाद एवं टैक्सी चालक गब्बर धानुक बताये गये हैं। घटना के तत्काल बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने मदद करते हुये सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने स्वीटी कुशवाहा उर्फ दीक्षा व दीपेश कुशवाहा उर्फ लालू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सवारियों का उपचार किया जा रहा है। बब्लू कुशवाहा के पुत्र व पुत्री की एकसाथ मौत होने की खबर गांव में लगते ही शोक लहर दौड़ गयी। इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल ने जिला अस्पताल पहुंच कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

फोटो-पी2

# दबंगों ने की मारपीट, जातिसूचक गालियां



**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम रजपुरा निवासी सोनू अहिरवार द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर खेत पर जबरन जोताई कर रहे गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना 21 जून की शाम लगभग 5.30 बजे की बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनू अहिरवार जब ट्रैक्टर लेकर अपने खेत पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गांव के भरत राजा, राहुल राजा, कृष्ण प्रताप सिंह, गब्बर सिंह (पुत्रगण वृजपाल सिंह) तथा चाली राजा (पुत्र नत्थू सिंह) उनके खेत को अवैध रूप से जोत रहे थे। विरोध करने पर न सिर्फ जातिसूचक गालियां दी गई, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी गई। सोनू ने यह बात अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद उनके पिता, दादा व चाचा खेत पर पहुंचे। वहां आरोपितों ने लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

इस मारपीट में सोनू के दादा सुंदर व चाचा रामजीवन को गंभीर चोटें आई, जिनका इलाज सीएचसी बार में चल रहा है। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर थाना बार पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(व) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। हालांकि, रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे पीड़ित पक्ष में भय और आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित ने प्रशासन से शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# वृहद स्तर पर किया गया वृक्षारोपण

### स्व.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर रोपित किये पौधे



**ललितपुर।** स्व.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग की समस्त 8 रेंज में ब्लॉक प्रमुख, ग्राम प्रधान, ग्राम वासियों एवं वनकर्मियों सहभागिता से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। जनपद स्तर पर जखौरा रेंज की थनवारा वन ब्लॉक में मुख्य अतिथि विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा आह्वान कर ग्रामवासियों को अधिक से अधिक फलदार प्रजातियों का पौधरोपण करने एवं उनके संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रभागीय निदेशक डा.शिरीन ने ग्राम वासियों से अपील कर वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाने का आग्रह किया गया। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि बिना जन सहभागिता के वृक्षारोपण महाभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता है।

सदर विधायक द्वारा पीपल एवं प्रभागीय निदेशक डा.शिरीन द्वारा नीम का पौधा रोपित किया गया। इस मौके पर उप प्रभागीय वनाधिकारी सतेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय वन अधिकारी, मो.शहजादा, उप क्षेत्रीय वनाधिकारी मनीष, ग्राम प्रधान थनवारा कमल कुशवाहा, ग्राम प्रधान अंधियारी देवाबाई समस्त ग्रामवासी एवं वन प्रभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में जनपद की समस्त रेंजो में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कराया गया, जिसमें तालबेहट रेंज की छिपाई पंचायत में क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रभुदयाल, ग्राम प्रधान नीलमणि राजे, समस्त ग्रामवासी, माताटीला रेंज की वनगुवां ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय वनाधिकारी रमेश पनोरिया, वन दरोगा सावन सेन, ग्राम प्रधान बंटी दुबे एवं समस्त ग्रामवासी, मड़ावरा रेंज में क्षेत्रीय वनाधिकारी अशोक कुमार, वन दरोगा महेंद्र, ब्लॉक प्रमुख आदि, बार रेंज में ग्राम पंचायत बटवाहा में क्षेत्रीय वनाधिकारी अरुण कुमार, ग्राम प्रधान अतलबाई एवं समस्त ग्रामवासी, गौना रेंज की नाराहट ग्राम पंचायत में क्षेत्रीय वनाधिकारी सुवाष वर्मा, ग्राम प्रधान पदम पटेल एवं ग्रामवासी तथा ललितपुर रेंज की पिपरिया जागीर ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण कार्यक्रम में क्षेत्रीय वनाधिकारी भोला प्रसाद, ग्राम प्रधान सुंदर सिंह, समस्त ग्रामवासी एवं समस्त उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, वन दरोगा एवं वन रक्षक उपस्थित रहे।

# तीन माह के बैडमिन्टन विशेष कैम्प का हुआ विधिवत समापन

## खिलाडि़यों को किये गये पुरुस्कार वितरण



**ललितपुर।** स्थानीय एकेडमी पर बैडमिंटन खेल के प्रशिक्षण हेतु तीन माह का विशेष कैम्प लगाया गया। इस विशेष समर कैंप में समय समय पर प्रशिक्षण देने के लिए वरिष्ठ अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी, नेशनल और राज्य स्तर खेलने वाले खिलाड़ीयों के अलावा एन आई एस प्रशिक्षक को इस अवधि में आमंत्रित कर सभी बच्चों को प्रशिक्षण दिलाया गया। विश्व योग दिवस को लेकर सभी बच्चों को एकेडमी पर योग क्रियाएं कराते हुए बैडमिंटन खेल की प्रतियोगिता आरम्भ कराई, बच्चों के मैच हुए एवं फाइनल मैच के साथ समापन किया गया। जिसमें बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी एज ग्रुप/ केटेगरी वाइज ईवेंट में भाग लेकर खिताब जीते और सभी विजेता, उपविजेता, तीसरे स्थान व चौथे स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान अतिथि एसबीपीजी कॉलेज जौनपुर के जियोग्राफी विभाग सहायक प्रवक्ता डा.तिलकसिंह यादव, पूर्व सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ी नीलम पुरोहित व शवा परवीन, दिनेश श्रीवास्तव लॉयर एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। अतिथिगण ने बच्चों को पुरस्कार का वितरण किया।

विशेष समर कैम्प के सर्वश्रेष्ठ खिलाडि़यों में अर्शिका खान, समृद्धि विश्वकर्मा, युविका वर्मा, श्रेया अग्रवाल, राजसिमता परमार, महक अहिरवार, अरनभ श्रीवास्तव, मुद्दसिर खान, नोमान खान, अभिनव वर्मा, आराध्य अग्रवाल, सत्यम शिवराम सिंह, अयांश पुरोहित, ख्वाहिश, असिमता बल्लभ, तानी साहू, आंशी चौरसिया, पलक सिंह राजपूत, प्रांजल सोनी, रिद्धिमा जैन, श्रयंम शर्मा, आदी योगी, आदर्श, कर्तव्य, आरव वर्मा, समिक वरेया, श्रेष्ठ पाठक, अविरल शुक्ला को पुरस्कार प्रदान किए गये। निर्णायक पुरस्कार नैंसी भार्गव व एड.नीतूसिंह राजपूत को दिया गया।

# आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर का त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सम्पन्न

**ललितपुर।** विश्व में 184 देशों में आध्यात्मिक संत श्रीश्री रविशंकरजी द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में श्रीश्री ज्ञानमंदिर में चल रहे तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के समापन पर आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर के योग शिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से बड़े से बड़े रोग दूर किये जा सकते हैं इसलिए एक दिन नहीं, बल्कि हमेशा नियमित होकर योग करें और सदा निरोगी बने रहें।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिक्षक सुबोध शर्मा ने बिरधा स्थित किसान इंटर कालेज एवं किसान इंटरनेशनल में भी योगाभ्यास कराया। त्रिदिवसीय आयोजन में प्रार्थना के बाद विभिन्न आसन कराये गये। समापन दिवस पर सत्संग का भी आयोजन किया गया जिसमें सुमधुर गणपति वंदना- शिव भजन- देवी भजन -गुरु वंदना के पश्चात जय जय राधा रमण हरि बोल गाकर सत्संग का समापन हुआ। त्रिदिवसीय आयोजन में किसान इंटरनेशनल कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य व वरिष्ठ योग साधक राजकुमार शर्मा, वर्तमान प्रधानाचार्य के.पी.सिंह बुन्देला, किसान इंटरनेशनल के प्रिन्सपल आर.एस.बुन्देला, छावड़ा, नितिन शर्मा, कौशलेन्द्र राजपूत, जगजीत सिंह जाखड़, जगदीश द्विवेदी, राजेन्द्र मोहन दुबे, संदीप तिवारी, सुबोध गोस्वामी सारस्वत, सैडो ग्रुप के संस्थापक व वरिष्ठ योग साधक अनुराग चतुर्वेदी, पतंजलि योग समिति महामंत्री व वरिष्ठ योग साधक एड. मुकेश साहू, डा.प्रबल सक्सेना, इंजी. बालमुकुन्द सोनी, राजेन्द्र गुप्ता नैया, अनिल श्रीवास्तव, बबलेश तिवारी, लखनलाल मिश्रा, शुभम देवलिया, आदर्श ताम्रकार, ओम श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय है।

